BYJU'S EXAM PREP

साप्ताहिक वन लाइनर्स

15-21 जून 2022

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

15-21 जून 2022

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट तीसरे **सप्ताह** (15-21) जून **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. किस संगठन ने टोटल एनर्जीस एसई के साथ मिलकर हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए भारत में अगले 10 वर्षों में 50 बिलियन डॉलर का निवेश करने पर सहमति व्यक्त की_________ **अडाणी ग्रुप।**

   नोट:

   - टोटल एनर्जी संयुक्त रूप से दुनिया के सबसे बड़े हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण करने के लिए एक नई स्वच्छ ऊर्जा कंपनी अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में, जो अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की एक इकाई है, 25% हिस्सेदारी खरीदेगी।
   - प्रारंभिक चरण में, अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज 2030 तक प्रति वर्ष 1 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित करेगी।

2. वह वित्तीय कल्याण मंच, जिसने व्हाट्सएप पर अपनी AI-संचालित चैट क्षमता का उपयोग करते हुए एक इंडस्ट्री-फर्स्ट क्रेडिट लाइन सेवा शुरू की ___________ **CASHe।**

   नोट:

   - उद्देश्य: ग्राहकों को केवल उनका नाम दर्ज करके त्वरित क्रेडिट लाइन पहुंच का एक तीव्र, निर्बाध तथा सुविधाजनक तरीका प्रदान करना।
   - CASHe की व्हाट्सएप चैट सेवा व्हाट्सएप बिजनेस प्लेटफॉर्म पर बनाई गई है।

3. मई 2022 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति ________**7.04%।**

   नोट:

   - चूंकि CPI में खाद्य तथा पेय पदार्थों का भाग 54% से अधिक है, इसलिए खाद्य कीमतों में गिरावट ने मुद्रास्फीति का मूल्य कम करने में सर्वाधिक योगदान दिया।
   - ग्रामीण मुद्रास्फीति अप्रैल में 8.38% की तुलना में मई में घटकर 7.01% हो गई।

4. देश में स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के साथ अपने अनुबंध को बढ़ाने के लिए किस बैंक ने 100X.VC के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं _______ **HDFC बैंक।**

   नोट:

   - बैंक 100X.VC द्वारा अनुशंसित निवेश एवं ऋण विस्तार के अवसरों के लिए स्टार्ट-अप का भी आकलन करेगा।

5. किस बैंक ने द्विपक्षीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने तथा ब्रिक्स देशों के साझा विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स पार्टनरशिप ऑन न्यू इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन (PartNIR) पर हस्ताक्षर किए हैं _________ **न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)।**

नोट:

- पूर्वी चीन के फ़ुज़ियान प्रांत के बंदरगाह शहर ज़ियामेन में वीडियो लिंक के माध्यम से आयोजित एक बैठक में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- BRICS ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका का संक्षिप्त नाम है।

6. बच्चों के लिए इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा शुरू किए गए विशेष बचत खाते का नाम ________ **ENJOI।**

नोट:

- ENJOI 0 से 18 वर्ष के बच्चों को उनके माता-पिता की देखरेख में बचत खाते खोलने की सुविधा देता है।
- बैंक 5 लाख से 2 करोड़ रुपये के बीच बचत खाता राशि के लिए 7% ब्याज प्रदान करता है।

7. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सुधार अनुपालन का हवाला देते हुए 16 जून को किस कार्ड कंपनी पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटा दिया__________ **मास्टरकार्ड।**

नोट:

- RBI ने मास्टरकार्ड एशिया/पैसिफिक पीटीई लिमिटेड पर 22 जुलाई, 2021 से अपने कार्ड नेटवर्क पर नए घरेलू ग्राहकों (डेबिट, क्रेडिट या प्रीपेड) को जोड़ने से प्रतिबंध लगा दिया था।
- प्रतिबंध का कारण: पेमेंट सिस्टम डेटा स्टोरेज पर 6 अप्रैल, 2018 के RBI परिपत्र का अनुपालन न करना।

8. माइक्रोफाइनेंस ऋणों के अभुक्त पोर्टफोलियो के मामले में कौन सा राज्य पश्चिम बंगाल को प्रतिस्थापित करके सबसे बड़ा राज्य बन गया _______ **तमिलनाडु।**

नोट:

- इसके बाद बिहार (35,941 करोड़ रुपये) और पश्चिम बंगाल (34,016 करोड़ रूपये) का स्थान है।
- माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क द्वारा प्रकाशित एक त्रैमासिक रिपोर्ट MFIN माइक्रोमीटर Q4 वित्त वर्ष 21-22 के अनुसार, 31 मार्च, 2022 तक तमिलनाडु का सकल ऋण पोर्टफोलियो 36,806 करोड़ रुपये था।

9. केनरा, HSBC तथा ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस ने स्वयं को केनरा HSBC लाइफ इंश्योरेंस में रीब्रांड करके नया नाम प्राप्त किया। केनरा बैंक का मुख्यालय कहां हैं ________**बेंगलुरु।**

नोट:

- उन्होंने अपना पहला ब्रांड अभियान #PromisesKaPartner लॉन्च किया, जो इसके नए स्थापन - 'भारत को अपने सपनों तथा आकांक्षाओं की पुनर्कल्पना के लिए शक्ति प्रदान करना' के अनुरूप है।

10. RBI किस वर्ष तक डिजिटल भुगतान लेनदेन की संख्या बढ़ाकर तीन गुनी और चेक-आधारित भुगतान की मात्रा को कुल खुदरा भुगतान के 0.25% तक कम करेगी ______ **2025।**

नोट:

- विज़न दस्तावेज़ों का मुख्य विषय: E-Payments for Everyone, Everywhere, Everytime (4Es)
- इसमें 47 विशिष्ट पहल तथा 10 अपेक्षित परिणाम समावेशित हैं।

11. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आवर्ती लेनदेन हेतु कार्डों, प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (PPI) तथा UPI पर ई-मैंडेट के लिए एडिशनल फैक्टर ऑफ ऑथेंटिकेशन (AFA) की सीमा बढ़ाकर कितनी की गई ______ **15,000 रुपये प्रति लेनदेन।**

नोट:

- एक ई-मैंडेट का अर्थ है, कि कार्डधारक मर्चेंट प्लेटफॉर्म को आवर्ती लेनदेन हेतु एक निश्चित राशि की कटौती करने का एक स्थायी निर्देश दे रहा है।

12. किस क्रेडिट रेटिंग संगठन ने SBI, ICICI बैंक तथा एक्सिस बैंक सहित नौ भारतीय बैंकों के रेटिंग आउटलुक को नकारात्मक से संशोधित करके स्थिर किया _______ **फिच रेटिंग।**

नोट:

- अन्य बैंक हैं: बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB), बैंक ऑफ बड़ौदा (न्यूजीलैंड) लिमिटेड, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (PNB) तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया।

13. किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने फोनपे प्लेटफॉर्म पर मोटर बीमा प्रदान करने के लिए फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की ________ **कोटक महिंद्रा।**

नोट:

- इस प्लेटफॉर्म की मदद से कोटक जनरल इंश्योरेंस अपने ग्राहकों को त्वरित तथा निर्बाध कार एवं दोपहिया बीमा पॉलिसी प्रदान करेगा।

14. ICICI बैंक, HDFC बैंक के साथ किस संगठन के IT संसाधनों को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं IT मंत्रालय (MeitY) द्वारा 'समीक्षात्मक सूचना आधारिक अवसंरचना (CII)' के रूप में पहचाना गया________ **NPCI.।**

नोट:

- सरकार के पास IT अधिनियम 2000 के अनुसार किसी भी डेटा, डेटाबेस, IT नेटवर्क या संचार अवसंरचना को CII घोषित करने की शक्ति है ताकि उस डिजिटल संपदा की रक्षा की जा सके।
- कोई भी व्यक्ति यदि विधि उल्लंघन करके संरक्षित प्रणाली तक पहुंच प्राप्त करता है, उसे 10 वर्ष कारावास तक की सजा हो सकती है।

15. कृषि क्षेत्र में ई-कॉमर्स को सक्रिय करने के लिए किस कंपनी ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) के साथ समझौता किया ________ **ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स।**

नोट:

- ONDC तथा NABARD ने बाजार उन्मुख किसान उत्पादक संगठनों के साथ सक्षम लोगों/कंपनियों के लिए बाजार संयोजन स्थापित करने हेतु NABARD-ONDC ग्रैंड चैलेंज आयोजित करने के लिए समझौता किया है।
- उद्देश्य: कृषि क्षेत्र में ई-कॉमर्स को अपनाने में सहायता करने वाले नवीन समाधानों के विकास को बढ़ावा देना।

16. किस जीवन बीमा कंपनी ने एक नॉन-लिंक्ड, गैर-भागीदारी युक्त, व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा योजना 'धन संचय' शुरू की________ **भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC)।**

नोट:

- यह योजना पॉलिसी की अवधि के भीतर बीमित व्यक्ति की असामयिक मृत्यु की स्थिति में परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- यह परिपक्वता की तारीख से भुगतान अवधि के अंत तक एक गारंटीकृत आय प्रवाह भी प्रदान करती है।

श्रद्धांजलियां

1. प्रोफेसर गोपी चंद नारंग, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस भाषा के प्रख्यात समालोचक, सिद्धांतकार तथा भाषाविद् थे ________ **उर्दू।**

नोट:

- उन्हें पद्म भूषण (2004) तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार (1995) से सम्मानित किया जा चुका है।
- वह दिल्ली विश्वविद्यालय तथा जामिया मिलिया इस्लामिया में प्रतिष्ठित प्रोफेसर थे।

महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व पवन दिवस, जिसे ग्लोबल विंड डे भी कहा जाता है, किस तारीख को मनाया जाता है________ **15 जून।**

नोट:

- ➢ विंड यूरोप (ब्रुसेल्स) ने 2007 में ग्लोबल विंड डे की शुरुआत की।
- ➢ ग्लोबल विंड डे 2022 पवन ऊर्जा के लाभों का आनंद लेने तथा दुनिया को बदलने में पवन ऊर्जा की शक्ति एवं क्षमता के बारे में व्यक्तियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए मनाया जाता है।

2. विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस किस तारीख को मनाया जाता है________ **जून 15।**

नोट:

- ➢ वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार तथा उपेक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- ➢ इस वर्ष के विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 2022 का विषय "Combatting Elder Abuse" है।

3. राष्ट्रीय वाचन दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_______**19 जून।**

नोट:

- ➢ केरल के पुस्तकालय एवं साक्षरता आंदोलन के जनक माने जाने वाले पी.एन. पनिकर के सम्मान में मनाया जाता है।
- ➢ यह दिवस पहली बार 19 जून 1996 को केरल सरकार द्वारा पी.एन. पनिकर फाउंडेशन के सहयोग से मनाया गया था, राष्ट्रीय वाचन दिवस, राज्य में साक्षरता तथा वाचन संस्कृति के प्रोत्साहन हेतु एक जन आंदोलन बन गया।

4. शरणार्थियों के सामने आने वाली कठिनाइयों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए विश्व शरणार्थी दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है________ **जून 20।**

नोट:

- ➢ 2022 विषय: Whoever, Whatever, Whenever. Everyone has a right to seek safety

5. लैंगिक हिंसा संघर्ष के उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा किस दिन आयोजित किया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है _______ **19 जून।**

नोट:

- ➢ विषय 2022: 'Prevention as Protection: Enhancing structural and operational prevention of conflict-related sexual violence.'

6. विश्व में सस्टेनेबल गैस्ट्रोनॉमी डे कब मनाया जाता है______**18 जून।**

नोट:

- ➢ इस दिवस का उद्देश्य हमारे द्वारा ग्रहण किए जाने वाले भोजन को एकत्र करने तथा तैयार करने की कला के साथ संधारणीय खाद्य पदार्थ उपभोग से जुड़े क्रियाकलापों की पहचान करना।

7. इंटरनेशनल डे फॉर काउंटरिंग हेट स्पीच किस तारीख को मनाया जाता है_______ **18 जून।**

नोट:

- ➢ जुलाई 2021 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दुनिया भर में "हेट स्पीच के प्रचार तथा प्रसार" पर वैश्विक चिंताओं पर ध्यान खींचा तथा "हेट स्पीच का मुकाबला करने में अंतर-धार्मिक एवं अंतर-सांस्कृतिक संवाद तथा सहिष्णुता को बढ़ावा देने" पर एक प्रस्ताव अंगीकृत किया।

8. मरुस्थलीकरण का मुकाबला करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए मरुस्थलीकरण तथा सूखे से संघर्ष का विश्व दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ______ **17 जून।**

नोट:

- मरुस्थलीकरण एवं सूखा दिवस 2022 का विषय “Rising up from drought together”

9. अंतर्राष्ट्रीय परिवार धनप्रेषण दिवस (IDFR) संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंगीकृत किया गया, यह किस तारीख को मनाया जाता है _______ **16 जून।**

नोट:

- विषय 2022: recovery and resilience through digital and financial inclusion

10. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का 8वां संस्करण किस तारीख को मनाया जा रहा है ________**21 जून।**

नोट:

- उद्देश्य: योगाभ्यास करने के अनेक लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता फैलाना।
- 2022 विषय: ‘Yoga for Humanity’
- प्रधानमंत्री मोदी कर्नाटक के मैसूर में सामूहिक योगाभ्यास का नेतृत्व करेंगे।

नई नियुक्तियां

1. कर्नाटक के लोकायुक्त के रूप में किसने शपथ ग्रहण की ________ **भीमनगौड़ा संगनगौड़ा पाटिल।**

नोट:

- राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने न्यायमूर्ति पाटिल को पद की शपथ दिलाई।
- कर्नाटक में भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल अध्यक्ष का पद जनवरी 2022 में न्यायमूर्ति पी. विश्वनाथ शेट्टी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से रिक्त था, जिन्होंने इस पद पर पांच वर्ष तक सेवा की थी।

2. RBI के केंद्रीय बोर्ड में कितने व्यक्तियों को अंशकालिक अनधिकारिक निदेशकों के पद पर नियुक्त किया गया है ______ **चार।**

नोट:

- केंद्र सरकार ने आनंद गोपाल महिंद्रा (महिंद्रा ग्रुप के अध्यक्ष), वेणु श्रीनिवासन (TVS मोटर के अध्यक्ष), पंकज रमनभाई पटेल (ज़ाइडस लाइफसाइंस के अध्यक्ष) तथा रवींद्र ढोलकिया (IIM अहमदाबाद के पूर्व-प्रोफेसर) को RBI के केंद्रीय बोर्ड में अंशकालिक अनधिकारिक निदेशक नियुक्त किया।

3. अमेरिकी राष्ट्रपति, जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी की प्रमुख किन्हें नियुक्त किया________ **आरती प्रभाकर।**

नोट:

- उन्होंने एरिक लैंडर की जगह ली।
- वह अमेरिका के राष्ट्रपति के विज्ञान सलाहकार के रूप में सेवा करने वाली पहली महिला तथा पहली पर्सन ऑफ कॉलर होंगी।

4. 2022-23 के लिए सेल्यूलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (COAI) का नया अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ________ **प्रमोद के. मित्तल (जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष)।**

नोट:

- वह COAI के अध्यक्ष के रूप में अजय पुरी की जगह लेंगे, जिन्होंने लगातार दो कार्यकालों के लिए पद संभाला था।
- COAI के सदस्यों में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल तथा वोडाफोन आइडिया (VIL) शामिल हैं।

5. भारतीय प्रेस परिषद का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ________ **न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई।**

नोट:

- उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सी.के. प्रसाद की जगह ली, जिन्होंने 2014 से 2022 तक पद संभाला था।
- वह भारतीय प्रेस परिषद की पहली महिला अध्यक्ष बनीं।

6. इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB) के प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD तथा CEO) के रूप में किन्हें पुनर्नियुक्त किया गया ________ **पी.एन. वासुदेवन।**

नोट:

- उन्होंने इक्विटास की स्थापना 2007 में एक माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI) के रूप में की और इसे 2016 में बैंक में बदल दिया गया।
- इससे पहले, बैंक को इक्विटास होल्डिंग्स के समामेलन के लिए SEBI की मंजूरी मिली थी।

7. न्यायमूर्ति विपिन सांघी को किस उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाएगा_________ **उत्तराखंड उच्च न्यायालय।**

नोट:

- गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रश्मिन एम. छाया।
- तेलंगाना के मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय में नियुक्त किया जाएगा।
- न्यायमूर्ति अमजद ए. सैयद तथा न्यायमूर्ति एस.एस. शिंदे को क्रमशः हिमाचल प्रदेश तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद पर पदोन्नत किया जाएगा।
- न्यायमूर्ति उज्जल भुयान तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभालेंगे।

8. कोलंबिया का राष्ट्रपति चुनाव जीतकर देश के इतिहास में पहले वामपंथी राष्ट्रपति _______ **गुस्तावो पेट्रो।**

नोट:

- उन्होंने निर्माण क्षेत्र के पूंजीपति, रोडोल्फो हर्नांडेज़ को 700,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया।
- पेट्रो राजधानी बोगोटा के पूर्व मेयर तथा वर्तमान सीनेटर हैं।
- वह M-19 गुरिल्ला मूवमेंट के पूर्व सदस्य भी थे।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने NeSDA 2021 रिपोर्ट जारी की जो सरकारों को अपनी ई-गवर्नेंस सेवा वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के सुझाव प्रदान करती है, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में से किस राज्य का समग्र अनुपालन स्कोर उच्चतम था _______ **केरल।**

नोट:

- पंजाब, तमिलनाडु तथा राजस्थान अपने सेवा पोर्टलों के लिए सभी मानकों में 75 प्रतिशत से अधिक अनुपालन के साथ अग्रणी राज्य हैं।
- जम्मू तथा कश्मीर ने छह क्षेत्रों के लिए सभी केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वाधिक स्कोर किया।

2. हवाई अड्डे पर पवन ऊर्जा के उपयोग की संभावना का अन्वेषण करने के लिए कौन सा हवाई अड्डा अपनी तरह का एक वर्टिकल एक्सिस विंड टर्बाइन तथा सोलर पीवी हाइब्रिड (सोलर मिल) लॉन्च करने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया ____________ **छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई।**

नोट:

- विंडस्ट्रीम एनर्जी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने इस तकनीक को विकसित किया है।
- इस तकनीक के माध्यम से उत्पन्न ऊर्जा को आवश्यकता के आधार पर अनुकूलित किया जा सकता है।

3. वार्षिक विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 2022 के अनुसार एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में भारत की रैंकिंग________ **37।**

नोट:

- सूचकांक प्रबंधन विकास संस्थान द्वारा संकलित किया गया है।
- डेनमार्क पिछले वर्ष के तीसरे स्थान से 63 देशों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गया है, जबकि स्विट्जरलैंड शीर्ष रैंकिंग से दूसरे स्थान पर खिसक गया है और सिंगापुर पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर चला गया है।

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में CCEA ने कहां पर न्यू ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के पहले चरण के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी_________ **ढोलेरा, गुजरात।**

नोट:

- परियोजना की अनुमानित लागत 1305 करोड़ रुपये है और इसे 48 महीनों के भीतर पूरा किया जाना है।
- इस परियोजना को DIACL द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है, जो AAI, गुजरात सरकार तथा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन न्यास का एक संयुक्त उद्यम है।

5. भारतीय रेलवे की 'भारत गौरव' योजना किन दो स्टेशनों के बीच शुरू की गई _________ **कोयंबटूर तथा शिरडी।**

नोट:

- भारतीय रेलवे ने नवंबर 2021 के महीने में विषय-आधारित भारत गौरव ट्रेन का संचालन शुरू किया था।
- उद्देश्य: भारत तथा दुनिया के लोगों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा शानदार ऐतिहासिक स्थल दिखाना।

6. 2020-21 (जुलाई-जून) के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार भारत की बेरोजगारी दर _________ **4.2%।**

नोट:

- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय द्वारा सर्वेक्षण जारी किया गया था।
- श्रमिक भागीदारी दर बढ़कर 41.6 प्रतिशत हो गई है।
- 2019-20 में बेरोजगारी दर 4.8% थी और श्रमिक भागीदारी दर 40.1% थी।

7. किस इलेक्ट्रिक पावर कंपनी को अपनी 700 मिलियन डॉलर की रिवॉल्विंग लोन सुविधा के लिए सस्टेनलिटिक्स द्वारा 'ग्रीन लोन' के रूप में टैग किया गया है_________ **अडाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (ATL)।**

नोट:

- ATL ने नवंबर, 2021 में COP26 के एक भाग के रूप में एक एनर्जी कॉम्पेक्ट लक्ष्य और संयुक्त राष्ट्र के साथ एनर्जी कॉम्पेक्ट पर भी हस्ताक्षर किए हैं।
- यह रिवॉल्विंग लोन सुविधा प्रॉजेक्ट गुजरात तथा महाराष्ट्र में लागू किया जा रहा है।

8. नई दिल्ली में इंडस्ट्रियल डीकार्बोनाइजेशन समिट 2022 का उद्घाटन किसने किया ________ **नितिन गडकरी।**

नोट:

- उद्देश्य: 2070 तक कार्बन तटस्थता।
- उन्होंने पारिस्थितिकी, पर्यावरण तथा विकास के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया।

9. गृह मंत्रालय द्वारा अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) तथा असम राइफल्स में भर्ती के लिए कितने प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित की गई हैं _________ **10%।**

नोट:

- मंत्रालय ने अग्निवीरों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट देने का भी निर्णय लिया है।
- अग्निवीर के पहले बैच के लिए आयु में छूट 5 वर्ष की होगी।
- यह योजना नागरिक समाज में सैन्य लोकाचार वाले युवाओं को सशक्त, अनुशासित बनाएगी तथा कौशल प्रदान करेगी।

10. नई दिल्ली में राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2022 तथा क्विज़ प्रतियोगिता का उद्घाटन किसने किया _________ **शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान।**

नोट:

- यह शिक्षा मंत्रालय तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।
- ओलंपियाड में 26 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों और क्षेत्रीय शिक्षण संस्थानों के प्रायोगिक बहुउद्देशीय स्कूलों से लगभग 600 विद्यार्थी भाग लेंगे।

11. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस शहर में ब्रेन सेल रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया________ **बेंगलुरु।**

नोट:

- इसकी लागत 450 करोड़ रुपये थी, जो क्रिस गोपालकृष्णन (इंफोसिस के सह-संस्थापक) ने संदान किए थे।
- प्रधानमंत्री माइंडट्री IT कंपनी द्वारा वित्तपोषित IISc में 850 बिस्तरों वाले बागची-पार्थसारथी अनुसंधान अस्पताल की आधारशिला भी रखेंगे।

12. महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए किस कंपनी ने यूएन वूमन के सहयोग से 5,00,000 डॉलर (3.88 करोड़ रुपये) का निवेश किया है _______ **लिंक्डइन।**

नोट:

- 2,000 महिलाओं में डिजिटल, सॉफ्ट तथा रोजगार योग्यता कौशल विकसित करने के लिए महाराष्ट्र में प्रायोगिक परियोजना शुरू होगी।
- प्रायोगिक परियोजना के 15 महीने पूरे होने के बाद, यूएन वूमन और लिंक्डइन सीखे गए पाठों और मूल्यांकनात्मक प्रतिक्रिया को समाविष्ट करेंगे।

13. किस देश ने एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन तथा क्षमता निर्माण में हरियाणा के साथ मिलकर संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए _______ **इजराइल सरकार।**

नोट:

- संयुक्त घोषणा पर MASHAV-इजराइल की अंतर्राष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी के प्रमुख इनात श्लीन, इजराइल के विदेश मंत्रालय और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा सरकार, भारत द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे।

14. "द क्लाइमेट ग्रुप की EV100 पहल 2030 तक 100% EV फ्लीट" के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का समर्थन करने के लिए किस फूड डिलीवरी ऐप ने जियो-बीपी के साथ साझेदारी की ________ **जोमैटो।**

नोट:

- यह साझेदारी तेजी से बढ़ते भारतीय वितरण तथा परिवहन क्षेत्र में EV को अपनाने में तेजी लाएगी।
- जोमैटो को जियो-बीपी से EV मोबिलिटी सेवाएं मिलेंगी और अंतिम क्षेत्र तक वितरण के लिए 'जियो-बीपी पल्स' बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों तक पहुंच प्राप्त होगी।

15. भारत ने किस देश के साथ नई दिल्ली में संयुक्त परामर्श आयोग की पहली भैतिक बैठक आयोजित की_________ **बांग्लादेश।**

नोट:

- JCC बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा उनके बांग्लादेशी समकक्ष ए.के. अब्दुल मोमेन करेंगे।
- यह कोविड-19 के मद्देनजर सहयोग, सीमा प्रबंधन एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, जल संसाधन, विकास साझेदारी तथा क्षेत्रीय-बहुपक्षीय समस्याओं सहित द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करेगा।

16. भारत तथा यूरोपीय संघ कितने वर्ष के अंतराल के बाद भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के लिए पुन: वार्ता शुरू करेंगे _______ **9 वर्ष।**

नोट:

- ब्रसेल्स स्थित यूरोपीय संघ के मुख्यालय में एक संयुक्त कार्यक्रम में एक निवेश संरक्षण समझौते तथा GI समझौते के लिए भी वार्ता शुरू की गई।
- भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण FTA में यूरोपीय संघ इसका दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

17. किस राज्य में मुख्य सचिवों का 3 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है _________ **धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश।**

नोट:

- यह केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को अधिक मजबूत करने पर विचार करेगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

18. आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, APEDA ने किस देश में आठ दिवसीय आम महोत्सव का शुभारंभ किया__________ **बहरीन।**

नोट:

- कार्यक्रम में, पूर्वी राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा ओडिशा के आम की 34 किस्मों को बहरीन के अल जज़ीरा ग्रुप सुपरमार्केट के आठ अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

19. जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के लिए युवा सांसदों का आठवां वैश्विक सम्मेलन किस देश में शुरू किया गया _________ **शर्म अल शेख, मिस्र।**

नोट:

- दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन हाउस ऑफ रीप्रेजेंटेटिव और अंत: संसदीय संघ (IPU) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
- नागालैंड की पहली महिला संसद सदस्य के रूप में राज्यसभा के लिए चयनित एस. फांगोन कोन्याक सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

20. निर्माण श्रमिकों के कौशल प्रशिक्षण के लिए आवास एवं शहरी कार्य मंत्री (MoHUA), हरदीप सिंह पुरी द्वारा कौन सी पहल शुरू की गई ________ **'निपुण' (NIPUN)।**

नोट:

- NIPUN का पूरा नाम National Initiative for Promoting Upskilling of Nirman है।
- MoHUA ने अपनी प्रमुख योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के तहत यह पहल शुरू की है।

21. ओडिशा के पुरी के शराधाबली में 20वें लोक मेले (राष्ट्रीय जनजातीय/लोक गीत तथा नृत्य महोत्सव) और 13वें कृषि मेले 2022 का उद्घाटन किसने किया ________ **जनजातीय कार्य एवं जल शक्ति राज्य मंत्री, बिश्वेश्वर टुडू।**

नोट:

- उद्देश्य: जनजातीय संस्कृति को संरक्षित करना और कृषि में नवाचार को बढ़ावा देना।

22. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया ने G20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में उद्घाटन सत्र को वर्चुअली किस स्थान पर संबोधित किया __________ **योग्यकार्ता, इंडोनेशिया।**

नोट:

- इंडोनेशिया ने योग्यकार्ता तथा लोम्बोक में स्वास्थ्य कार्य समूह की दो बैठकों की मेजबानी की।
- प्राथमिक मुद्दे: वैश्विक स्वास्थ्य प्रोटोकॉल मानकों को सुसंगत बनाना तथा वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली लचीलापन कायम करना।

23. किस स्वास्थ्य सेवा कंपनी ने इंपीरियल हॉस्पिटल लिमिटेड के साथ चटगांव, बांग्लादेश में 375 बेड वाले मल्टी-स्पेशियलिटी टर्शियरी केयर अस्पताल के संचालन तथा प्रबंधन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _______ **अपोलो अस्पताल।**

नोट:

- चटगांव में अत्याधुनिक केंद्र विश्व बैंक के सहयोग से बनाया गया था और इसे अपोलो इंपीरियल अस्पताल के रूप में रीब्रांड किया जाएगा।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य ने आठ वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों के बीच कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न अधिगम की खाई को पाटने के लिए एन्नम एझुथुम योजना शुरू की _______ **तमिलनाडु।**

नोट:

- उद्देश्य: 2025 तक मूलभूत साक्षरता तथा गणना सुनिश्चित करना।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य का शिक्षा विभाग कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों को वर्कबुक उपलब्ध कराएगा।

2. राज्य में बालिका शक्ति को मजबूत करने के उद्देश्य से 'बालिका पंचायत' शुरू करने वाला देश का पहला राज्य _______**गुजरात।**

नोट:

- यह अनूठी पहल गुजरात के कच्छ जिले के कई गांवों में शुरू की गई थी।
- यह पहल 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत गुजरात सरकार के महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग द्वारा शुरू की गई थी।

3. तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक उत्सव "उन्मेष" किस राज्य में आयोजित किया गया _________ **शिमला, हिमाचल प्रदेश।**

नोट:

- इस महोत्सव का आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय तथा साहित्य अकादमी द्वारा राज्य के कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से किया गया था।
- महोत्सव का उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया।

4. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में अपनी एकीकृत बाल विकास सेवा, पोषण अभियान के तहत मुख्यमंत्री मातृशक्ति योजना शुरू की________ **गुजरात।**

नोट:

- यह योजना गर्भधारण से लेकर पहले 1,000 दिनों के भीतर आहार की कमी से निपटने के लिए 7 लाख महिलाओं को शामिल करेगी।
- योजना में 2 किग्रा चनादाल, 1 किग्रा तुअरदाल तथा 1 लीटर पोषणयुक्त मूंगफली का तेल भी वितरित किया जाएगा।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. किस कंपनी ने महिला संस्थापकों के लिए एक कार्यक्रम 'स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्रोग्राम' की घोषणा की है, जो उन्हें निधि बढ़ोत्तरी तथा कार्य नियोजन जैसी चुनौतियों का समाधान करने में मदद करेगा _____ **गूगल।**

नोट:

- स्टार्टअप्स एक्सेलेरेटर इंडिया - महिला संस्थापक के लिए गूगल का पहला बैच देश में महिलाओं द्वारा स्थापित, सह-स्थापित 20 स्टार्टअप का नामांकन करेंगी, और तीन महीने के कार्यक्रम के माध्यम से उनका समर्थन करेंगी।
- चयनित स्टार्टअप को AI/ML, एंड्रॉइड, वेब, उत्पाद कार्यनीति तथा विकास के लिए समर्थन तथा परामर्श प्रदान किया जाएगा।

2. जापानी प्रधान मंत्री जो मैड्रिड में आयोजित होने वाले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, और नाटो शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले जापान के पहले नेता बनेंगे ______ **फुमियो किशिदा।**

नोट:

- स्वीडन तथा फिनलैंड भी शिखर सम्मेलन में प्रतिनिधिमंडल भेजेंगे और दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति यून सुक-येओल भी बैठक में शामिल होने वाले अपने देश के पहले नेता होंगे।

3. ग्लोबल स्टार्टअप इकोसिस्टम रिपोर्ट (GSER) के अनुसार, भारत के किस राज्य को अफोर्डेबल टैलेंट के मामले में एशिया में सर्वश्रेष्ठ तथा विश्व में चौथा स्थान दिया गया_______ **केरल।**

नोट:

- बेंगलुरु शहर, रैंकिंग में 22वें स्थान पर आ गया है।
- रिपोर्ट में यह भी दिखाया गया है कि बेंगलुरु के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र का मूल्य 105 बिलियन डॉलर है जो कि सिंगापुर के 89 बिलियन डॉलर तथा टोक्यो के 62 बिलियन डॉलर से अधिक है।
- शीर्ष पांच: सिलिकॉन वैली, उसके बाद न्यूयॉर्क शहर, लंदन, बोस्टन तथा बीजिंग।

4. कोर्सेरा की नवीनतम ग्लोबल स्किल रिपोर्ट (GSR) 2022 में भारत की रैंक_______ **वैश्विक स्तर पर 68वीं।**

नोट:

- एशियाई देशों में भारत 19वें स्थान पर है।
- कौशल दक्षता के मामले में पश्चिम बंगाल भारतीय राज्यों में सबसे आगे है।
- लगातार दूसरे वर्ष, स्विट्जरलैंड में सर्वाधिक कुशल शिक्षार्थी थे, उसके बाद डेनमार्क, इंडोनेशिया तथा बेल्जियम थे।

5. वैश्विक स्तर पर REN21 रिन्यूएबल 2022 ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट (GSR 2022) में भारत का स्थान ________ **तीसरा।**

नोट:

- 2021 में भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि 15.4 GW थी।
- रिपोर्ट में शीर्ष देश: चीन (136 GW) और अमेरिका (43 GW)

- भारत ने 2021 में 843 MW की पनबिजली क्षमता स्थापित की, जिससे कुल क्षमता 45.3 GW हो गई।

6. किस देश के खुव्सगुल झील राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को के विश्व बायोस्फीयर रिजर्व नेटवर्क में शामिल किया गया_______ **मंगोलिया।**

नोट:

- यह निर्णय पेरिस, फ्रांस में जारी इंटरनेशनल को-ऑर्डिनेटिंग काउंसिल ऑफ द मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम के 34वें सत्र के दौरान लिया गया था।

7. विश्व व्यापार संगठन का 12वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC12) का समापन 16 जून 2022 को कहां पर हुआ_________ **WTO मुख्यालय, जिनेवा।**

नोट:

- सम्मेलन की सह-मेजबानी कजाकिस्तान ने की थी तथा इसकी अध्यक्षता तैमूर सुलेमेनोव (कजाकिस्तान के राष्ट्रपति के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ) ने की थी।

8. किस देश ने श्रीलंका को तत्काल भोजन एवं स्वास्थ्य सेवा जरूरतों को पूरा करने के लिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता प्रदान करने की घोषणा की _______ **ऑस्ट्रेलिया।**

नोट:

- वर्तमान में, श्रीलंका 70 वर्षों में अपने सबसे बुरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसके कारण भोजन, दवा एवं ईंधन की कमी हो रही है।
- ऑस्ट्रेलिया श्रीलंका को दैनिक पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए आपातकालीन खाद्य सहायता के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) में 22 मिलियन डॉलर और श्रीलंका को 2022-23 में विकास सहायता के लिए 23 मिलियन डॉलर प्रदान करेगा।

9. एप्पल, गूगल, अमेजन तथा माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों के साथ शीर्ष 100 वैश्विक ब्रांडों में कौन सी चार भारतीय कंपनियों को शामिल किया गया__________ **TCS, HDFC बैंक, इंफोसिस तथा LIC।**

नोट:

- TCS को कांतार ब्रांड्स 2022 द्वारा 50 बिलियन डॉलर ब्रांड मूल्य के साथ सूची के 46वें स्थान पर रखा गया है।
- HDFC बैंक 35 बिलियन डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ 61वें स्थान पर है।
- इंफोसिस 64वें स्थान पर तथा LIC 92वें स्थान पर हैं।
- शीर्ष 10: एप्पल, गूगल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, टेनसेंट, मैकडॉनल्ड, वीज़ा, फेसबुक, अलीबाबा, लूई वीटॉन

सम्मान एवं पुरस्कार

1. किस हवाई अड्डे को 2022 स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवार्ड्स में 'भारत तथा दक्षिण एशिया के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय हवाई अड्डे' का खिताब दिया गया _______ **केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु।**

नोट:

- यह पुरस्कार चेक-इन से लेकर आगमन, अंतरण, खरीदारी, सुरक्षा, आप्रवासन तथा प्रस्थान द्वार की व्यवस्था तक के ग्राहक अनुभव पर आधारित है।
- स्काईट्रैक्स एक यूके स्थित वैश्विक परामर्श फर्म है जो एक एयरलाइन तथा एयरपोर्ट समीक्षा तथा रैंकिंग साइट का संचालन करती है।

2. कोविड-19 के दौरान पीएम ई-विद्या के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय की किस पहल को यूनेस्को की मान्यता मिली _____ **शिक्षा में ICT का उपयोग।**

नोट:

- पीएम eVIDYA की शुरुआत अधिगम हानि को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के एक भाग के रूप में की गई थी।
- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) को वर्ष 2021 के लिए शिक्षा में ICT के उपयोग हेतु यूनेस्को के किंग हमद बिन ईसा अल-खलीफा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

3. लद्दाख के किस व्यक्ति को वर्ष 2021 के लिए योग संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान के प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया _________ **भिक्खु संघसेना (लद्दाख)।**

नोट:

- अन्य विजेता: मार्कस विनीसियस रोजो रोड्रिग्स (ब्राजील); उत्तराखंड से द डिवाइन लाइफ सोसाइटी; और यूनाइटेड किंगडम से ब्रिटिश व्हील ऑफ योग।
- विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र तथा 25 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

खेल समाचार

1. अमेरिका, कनाडा तथा मैक्सिको में 2026 फीफा विश्व कप के लिए मेजबान शहरों में किन तीन शहरों को नामित किया गया है ________ **लॉस एंजिल्स, टोरंटो और मैक्सिको सिटी।**

नोट:

- अमेरिका: सिएटल, सैन फ्रांसिस्को, लॉस एंजिल्स, कैनसस सिटी, डलास, अटलांटा, ह्यूस्टन, बोस्टन, फिलाडेल्फिया, मियामी और न्यूयॉर्क/न्यू जर्सी।
- कनाडा: वैंकूवर तथा टोरंटो।
- मैक्सिको: गडालाजारा, मैक्सिको सिटी तथा मॉन्टेरी।

2. दक्षिण कोरिया के प्योंगटेक में विश्व पैरा-पावरलिफ्टिंग 2022 एशिया ओशिनिया ओपन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले दो भारतीय पैरा-पावरलिफ्टर्स (महिला एवं पुरुष व्यक्तिगत) _______ **मनप्रीत कौर तथा परमजीत कुमार।**

नोट:

- मनप्रीत कौर (महिला वर्ग) ने 41 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता और 88 किग्रा का वजन उठाकर तथा 173 किग्रा का कुल वजन उठाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
- परमजीत कुमार (पुरुष वर्ग) ने 49 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता और दो राउंड में 160 तथा 163 किग्रा वजन उठाया जो उनके जीवन भर की सर्वश्रेष्ठ भारोत्तोलन था।

3. 28 जुलाई से 10 अगस्त के बीच महाबलीपुरम में आयोजित होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड के लिए पहली मशाल रिले को हरी झंडी किसने दिखाई _______ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) ने पहली बार मशाल रिले की शुरूआत की है।
- FIDE के अध्यक्ष, अर्कडी ड्वोरकोविच ने पीएम मोदी को मशाल सौंपी, जिन्होंने इसे विश्वनाथन आनंद को दिया।

4. फ़िनलैंड में 2022 कुओर्टेन गेम्स में भाला फेंक में स्वर्ण पदक विजेता ________ **भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा।**

नोट:

- उन्होंने 86.69 मीटर दूर भाला फेंका।
- त्रिनिदाद के केशोर्न वालकॉट ने 86.64 मीटर दूर भाला फेंक कर रजत पदक जीता।
- एंडरसन पीटर्स ने 84.75 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।
- भारत के संदीप चौधरी 60.35 मीटर दूर भाला फेंक कर आठवें स्थान पर रहे।

5. 20वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी प्रतियोगिता में किस मिश्रित टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता________ **मनु भाकर और शिवा नरवाल।**

नोट:

- उन्होंने ONGC के अमनप्रीत सिंह तथा श्वेता सिंह की जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- ईशा सिंह (तेलंगाना) ने कौशिक गोपू के साथ मिलकर सीनियर तथा जूनियर दोनों मिश्रित टीम प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक जीता।

6. जुलाई-अगस्त में बर्मिंघम में होने वाले 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 37 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स दल का नेतृत्व कौन करेगा _______ **नीरज चोपड़ा।**

नोट:

- एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों, बर्मिंघम के लिए 37 सदस्यीय दल तैयार किया है।

पुस्तकें एवं लेखक

1. 'भारतीय संविधान: अनकही कहानी' पुस्तक के लेखक__________ **राम बहादुर राय।**

नोट:

- श्री राय की यह पुस्तक नए भारत के विस्मृत विचारों को याद करने के प्रयास की परंपरा में होगी जो यह सुनिश्चित करेगी कि भविष्य के भारत में अतीत की चेतना प्रबल रहे।
- आजादी के इतिहास तथा हमारे संविधान के अनकहे अध्यायों वाली पुस्तक देश के युवाओं को एक नई सोच प्रदान करेगी।

विज्ञान एवं रक्षा

1. किस देश ने अपना तीसरा विमानवाहक पोत 'फुज़ियान' जलावतरित किया________ **चीन।**

नोट:

- यह चीन का सबसे उन्नत तथा पूर्णतया स्वदेश निर्मित नौसैनिक पोत है।
- इसका जलावतरण समारोह शंघाई के जियांगन शिपयार्ड में आयोजित किया गया

2. भारत की किस शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का चांदीपुर, ओडिशा में एकीकृत परीक्षण रेंज से सफल परीक्षण किया गया ___________ **पृथ्वी- II।**

नोट:

- यह मिसाइल प्रणाली अत्यंत उच्च स्तरीय सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदने में सक्षम है।
- यह स्वदेश में विकसित, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।
- मारक सीमा: 250 किमी तथा एक टन पेलोड ले जाने में सक्षम।

3. भारतीय तटरक्षक बल के किस क्षेत्र ने स्वदेश में डिजाइन तथा विकसित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) मार्क III को शामिल किया है, जो नवगठित "840 स्क्वाड्रन" का पहला एयरक्राफ्ट है_______ **पूर्वी क्षेत्र।**

नोट:

- नई स्क्वाड्रन तटरक्षक बल के पूर्वी क्षेत्र, चेन्नई के मुख्यालय में तैनात की जाएगी।
- ICG जल्द ही '840 स्क्वाड्रन' की सूची में तीन और ALH शामिल करेगा।

--------------0--------------

BYJU'S EXAM PREP

Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card

byjusexamprep.com